**दिनांक: 07-02-2018**

# राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के आय एंव व्यय का विश्लेषण
# वित्तीय वर्ष 2016-17

A Report by

Association for Democratic Reforms

Association for Democratic Reforms

T-95, II floor, C.L. House, Gautam Nagar
New Delhi – 110 049
Email: adr@adrindia.org; Phone: 011-4165 4200

# विस्तृत रिपोर्ट

## प्रस्तावना

राजनीतिक दल विभिन्न स्त्रोतों से दान प्राप्त करते हैं इसलिए जवाबदेही और पादर्शिता उनके कामकाज का महत्वपूर्ण पहलू होना चाहिए। व्यापक और पारदर्शी लेखा प्रणाली के लिए आवश्यक है कि पार्टियां सही वित्तीय स्थिति प्रदर्शित करें।

भारत निर्वाचन आयोग (ई.सी.आई) ने 19 नवम्बर, 2014 को राजनीतिक दलों के अध्यक्षों/महामंत्रियों को सबोधित करते हुए अपने पत्र में लिखा कि सभी दलों को उनकी अंकेक्षत रिपोर्ट का विवरण प्रस्तुत करना अनिवार्य है। इस रिपोर्ट में 5 राष्ट्रीय दलों (भाजपा और **कांग्रेस** को छोड़कर) के कुल आय और व्यय का विश्लेषण है जो उन्होने वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए अपने आयकर में भारत निर्वाचन आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया।

राष्ट्रीय दलों में भारतीय जनता पार्टी (**भाजपा**), इंडियन नेशनल कांग्रेस (**आईएनसी**), बहुजन समाज पार्टी (**बसपा**), नेशनल कांग्रेस पार्टी (**एनसीपी**), कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ़ इंडिया (**सीपीआई**), कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ़ इंडिया (मार्क्सिस्ट) (**सीपीएम**) और आल इंडिया तृणमूल कांग्रेस (**एआइटीसी**) है ।

## राष्ट्रीय दलों द्वारा प्रस्तुत ऑडिट रिपोर्ट

- दलों द्वारा वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करने की नियमित तिथि 30 अक्टूबर, 2017 थी।
- एआइटीसी, सीपीएम और बसपा तीनों पार्टियों ने ही अपने ऑडिट रिपोर्ट्स निर्धारित समयसीमा से पहले प्रस्तुत की है|
- **सीपीआई** ने अपनी ऑडिट रिपोर्ट निर्धारित समयसीमा के **22 दिनों के बाद**, 23Rd नवम्बर 2017 को जमा कीया|
- **एनसीपी** ने अपनी ऑडिट रिपोर्ट निर्धारित समयसीमा के लगभग **2 महीने 19 दिन बाद**, 19th **जनवरी** 2018 को जमा कीया|
- **बीजेपी** और **कांग्रेस** ने अपनी ऑडिट रिपोर्ट निर्धारित समयसीमा के लगभग **3 महीने बाद** भी (7th फरवरी तक) जमा नहीं कीया है|

| Due date for submission: 30th Oct,'17 | | |
|---|---|---|
| **Party** | **Date of submission** | **Delay in submitting their report** |
| **BSP** | 26th October,'2017 | - |
| **CPM** | 26th October,'2017 | - |
| **AITC** | 27th October,'2017 | - |
| **CPI** | **23rd, November,'2017** | **22 days** |
| **NCP** | **19th,January,'2018** | **79 days** |
| BJP | Not submitted | **99 days, (As on 07-02-2018)** |
| INC | Not submitted | **99 days, (As on 07-02-2018)** |


## राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के आय एवं व्यय - वित्तीय वर्ष-2016-2017

- वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान बसपा ने कुल **रु 173.58 करोड़** का आय घोषित किया है जिसमें से पार्टी ने केवल **रु 51.83 करोड़** यानि **कुल आय का 30%** ही खर्च किया है |
- सीपीएम ने कुल **रु 100.256 करोड़** का आय घोषित किया है जिसमें से पार्टी ने **रु 94.056 करोड़** यानि **कुल आय का 94%** खर्च किया है |

एनसीपी ने अपने कुल आय से **45% अधिक खर्चा** किया है | वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान पार्टी ने **रु 17.235 करोड़** की आय घोषित की है लेकिन पार्टी का कुल खर्च **रु 24.967 करोड़** था |

| Total income and expenditure declared by National Parties, FY 2016-17 (Rs in cr) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **Party** | **Total declared Income** | **Total declared Expenditure** | **Excess of income over expenditure** | **Share of income remaining unspent** |
| **BSP** | 173.58 | 51.83 | 121.75 | 70% |
| **CPM** | 100.256 | 94.056 | 6.2 | 6% |
| **NCP** | 17.235 | 24.967 | -7.732 | **-45%** |
| **AITC** | 6.39 | 24.26 | -17.87 | **-280%** |
| **CPI** | 2.079 | 1.426 | 0.653 | 31% |
| **Total** | **Rs 299.54 cr** | **Rs 196.54 cr** | **Rs 103.00 cr** | **34%** |

**Table: Total income and expenditure declared by National Parties in their audit reports for FY 2016-17 (All over India)**





**वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए राष्ट्रीय दलों की कुल आय**

- राष्ट्रीय दलों की आय पूरे भारतवर्ष से विभिन्न स्त्रोतों से संकलित की गई है जैसा की उन्होने अपने ऑडिट रिपोर्ट में प्रस्तुत किया है।
- 5 राष्ट्रीय दल जिनके आईटीआर **सार्वजानिक तौर पर** उपलब्ध हैं उनके कुल आय **रू 299.54 करोड़** (पूरे भातरवर्ष से) **है** ।
- कुल आय **रू 173.58 करोड़** के साथ राष्ट्रीय दलों में से **बसपा** ने सबसे अधिक आय घोषित की है जो इन 5 दलों के कुल आय का **57.95 %** है।
- दूसरे स्थान पर सीपीएम ने रू **100.256 करोड़** घोषित किया है जो 5 राष्ट्रीय दलों के पुरे आय का **33.47 %** है ।

| Income of National Parties for FY-2016-17 (Rs. in cr) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **National Party** | **BSP** | **CPM** | **NCP** | **AITC** | **CPI** |
| **Total Income** | Rs 1,73,58,26,754 **(Rs 173.58 cr)** | Rs 1,00,25,65,371 ***(Rs 100.256 cr)*** | Rs 17,23,53,989 **(Rs 17.235 cr)** | Rs 6,39,48,999 **(Rs 6.39 cr)** | Rs 2,07,92,330 **(Rs 2.079 cr)** |
| **% Share in total Income** | **57.95%** | **33.47%** | **5.75%** | **2.13%** | **0.69%** |
| **Grand Total** | **Rs 2,99,54,87,443 (Rs 299.54 cr)** | | | | |


**Table: Total income declared by National Parties in their ITR for FY 2016-17 (All over India)**




**Graph: Total income declared by National Parties in their ITRs for FY 2016-17 (All over India)**

## वित्तीय वर्ष 2015–16 और 2016–17 के बीच राष्ट्रीय दलों की कुल आय की तुलना


- सभी राष्ट्रीय दलों में से , वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान बीजेपी ने सबसे अधिक आय घोषित कीया था | पार्टी ने **रु 570.86 करोड़** की कुल आय घोषित कीया लेकिन वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए अपना ऑडिट रिपोर्ट अभी तक चुनाव आयोग को जमा नहीं किया है |
- वित्तीय वर्ष 2015-16 में कांग्रेस ने **रु 261.56 करोड़** की आय घोषित कीया लेकिन पार्टी ने अब तक अपना ऑडिट रिपोर्ट वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए चुनाव आयोग को प्रस्तुत नहीं की है |
- वित्तीय वर्ष 2015-16 और 2016-17 के बीच **बसपा** की आय में **266.32%** (रु 126.195 करोड़) की वृद्धि हुई जबकि **एनसीपी** की आय में **89%** (रु 8.098 करोड़) की वृद्धि हुई।
- पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में, वि व् 2016-17 में, एआइटीसी की आय **रु 28.188 करोड़** (-81.52%) घटा है जबकि **सीपीआई** की आय में **रु 0.097 करोड़** (-4.46%) कमी देखी गयी है।




**Graph: Total income of National Parties for Financial Years: 2015-16 and 2016-17**

**5 राजनोतिक दलों द्वारा वित्तीय वर्ष 2016–17 में आय के प्रमुख 3 स्त्रोत**

- राष्टीय दलों के शीर्ष तीन मुख्य आय स्रोतों में दलों ने दान से अधिक धन प्राप्त किया है | **बसपा** रु 75.26 करोड़, **सीपीएम** रु 36.727 करोड़, **एनसीपी** रु 6.62 करोड़ और **तृणमूल कांग्रेस** रु 2.17 करोड़.




**Top sources of income of National Parties for FY 2016-17**


| National Party | Total Income | Financial Year- 2016-17 | | |
|---|---|---|---|---|
| | | **Top 3 Sources of Income** | **Amount (Rs in cr)** | **Share of Income** |
| **BSP** | **Rs 173.58 cr** | Grant/Donations/Contributions | 75.26 | 43.36% |
| | | Fee & Subscriptions | 64.62 | 37.23% |
| | | Bank Interest | 33.698 | 19.41% |
| | | **Other Income** | 0.002 | 0.001% |
| **CPM** | **Rs 100.256 cr** | Fees & Subscriptions | 40.557 | 40.45% |
| | | Voluntary Contributions | 36.727 | 36.63% |
| | | Bank Interest | 18.22 | 18.17% |
| | | **Other Income** | 4.752 | 4.74% |
| **NCP** | **Rs 17.235 cr** | Collection by Issuing Coupons/Sale of Publication | 9.666 | 55.95% |
| | | Grant/Donation/Contribution | 6.62 | 38.32% |
| | | Fee & Subscriptions | 0.619 | 3.58% |
| | | **Other Income** | 0.33 | 2.14% |

| National Party | Total Income | Financial Year- 2016-17 | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Top 3 Sources of Income | Amount (Rs in cr) | Share of Income |
| AITC | Rs 6.39 cr | Fees & Subscriptions | 2.529 | 39.58% |
| | | Grants/Donations/Contributions | 2.17 | 33.96% |
| | | Collection by Coupons/Sale of Publication | 0.84 | 13.15% |
| | | **Other Income** | 0.851 | 13.32% |
| CPI | Rs 2.079 cr | Membership Fee | 0.808 | 39.03% |
| | | Party Fund and Election Fund | 0.56 | 27.05% |
| | | Interest Received | 0.529 | 25.56% |
| | | **Other Income** | 0.182 | 8.36% |

**Table: Top 3 sources of income of National Parties in their ITR from FY 2016-17**

**5 राजनीतिक दलों द्वारा वित्तीय वर्ष 2016–17 में व्यय के प्रमुख 3 स्त्रोत**

- **सीपीएम** ने **रु 41.23 करोड़** का खर्च प्रशासनिक और सामान्य व्यय में और **रु 29.91 करोड़** कर्मचारी लागत में घोषित किया है |
- **बसपा** ने सबसे अधिक व्यय **चुनाव खर्च** में (रु 40.97 करोड़) और प्रशासनिक व सामान्य खर्च में **रु 10.809 करोड़** खर्च घोषित किया है|




**Top item of expenditure of National Parties for FY 2016-17**

| National Party | Total Expenditure | Financial Year- 2016-17 | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Top 3 Items of Expenditure | Amount (Rs in cr) | % of Expenditure |
| BSP | Rs 51.83 cr | Election Expenditure | 40.97 | 79.05% |
| | | Administrative & General Expenses | 10.809 | 20.85% |
| | | Employee Costs | 0.05 | 0.10% |
| | | **Other Expenditure** | 0.001 | 0.002% |
| CPM | Rs 94.056 cr | Administrative and General Expenses | 41.23 | 43.84% |
| | | Employee Cost | 29.91 | 31.80% |
| | | Election Expenditure | 22.8 | 24.24% |
| | | **Other Expenditure** | 0.116 | 0.12% |
| NCP | Rs 24.967 cr | Administrative and General Expenses | 11.929 | 47.78% |
| | | Election Expenditure | 11.017 | 44.13% |
| | | Depreciation and Amortisation Expenses | 1.08 | 4.33% |
| | | **Other Expenditure** | 0.941 | 3.77% |
| AITC | Rs 24.26 cr | Election Expenditure | 23.129 | 95.34% |
| | | Employee Costs | 0.59 | 2.43% |
| | | Administrative and General Expenses | 0.38 | 1.57% |
| | | **Other Expenditure** | 0.161 | 0.66% |
| CPI | Rs 1.426 | Election & Publicity Expenses | 0.488 | 34.22% |
| | | Salary and Allowances | 0.426 | 29.87% |
| | | Electricity & Water Charges | 0.116 | 8.13% |
| | | **Other Expenditure** | 0.396 | 27.77% |

**Table: Top 3 items of expenditure of National Parties as declared in their audit reports for FY-2016-17**

## एडीआर के सुझाव

- **सुप्रीम** कोर्ट ने 13 सितम्बर, 2013 को यह घोषित किया कि उम्मीदवारों के शपथपत्र का कोई भी हिस्सा खाली नही रहना चाहिए इसी के तर्ज पर फोर्म 24ए, (जोकि राजनीतिक दलों द्वारा रू 20,000 से ज़्यादा दान देने वाले लोगों के लिए प्रस्तुत किया जाता है) का भी कोई हिस्सा खाली नही होना चाहिए।
- क्योकि राजनीतिक दलों की आय का अधिकतम प्रतिशत (80 प्रतिशत) अज्ञात स्त्रोतों से आता है, दानदाताओं की पूरी जानकारी, सार्वजनिक जांच के लिए आम जनता को उपलब्ध होनी चाहिए। भूटान, नेपाल, जर्मनी, फ्रांस, इटली, ब्राज़ील, बल्गेरिया अमेरिका तथा जापान जैसे देशों में ऐसा किया जाता है। इन देशों में से किसी भी देश में राजनीतिक दलों के आय स्त्रोत का 80 प्रतिशत अज्ञात रहना असम्भव होगा।
- आईसीएआई का यह दिशा निर्देश की राजनीतिक दलों के आडिट रिर्पोट का इन्कम टैक्स डिर्पाटमेन्ट द्वारा छानबीन की जानी चाहिए **किन्तु इसका** का पालन नही होता है। राजनीतिक दलो को सूचना का अधिकार अधिनियम के अर्न्तगत निरन्तर तौर पर जानकारी प्रदान करनी चाहिए। ऐसा करने से ही राजनीतिक दल, चुनाव प्रक्रिया एंव लोकतंत्र सशक्त होगा।

## अस्वीकरण

रिपोर्ट में इस्तेमाल सभी जानकारी चुनाव आयोग के वेबसाइट में राजनीतिक दलों के पेज. से लिया गया है http://eci.nic.in/eci_main1/PolPar/annualauditreport2017.aspx रिपोर्ट बनाते समय सुचना का पूर्ण ध्यान रखा गया है | यदि रिपोर्ट में दी गयी जानकारी में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोई त्रुटि पायी जाती है तो राजनीतिक दलों द्वारा जमा किये गए ऑडिट रिपोर्ट का विवरण ही ठीक माना जायेगा | एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म, नेशनल इलेक्शन वाच और उनके स्वंयसेवक जिम्मेदार नही होंगे |

**सम्पर्क:**


| | | | |
|---|---|---|---|
| Media and Journalist Helpline<br>+91 80103 94248<br>Email: adr@adrindia.org | Maj. Gen Anil Verma (Retd.)<br>Head<br>ADR & NEW<br>+91 11 4165 4200<br>+91 88264 79910<br>anilverma@adrindia.org | Prof Jagdeep Chhokar<br>IIM Ahmedabad (Retd.)<br>Founder Member<br>ADR & NEW<br>+91 99996 20944<br>jchhokar@gmail.com | Prof Trilochan Sastry<br>IIM Bangalore<br>Founder Member,<br>ADR & NEW<br>+91 94483 53285<br>trilochans@iimb.ernet.in |